रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

क्रमांक/भंडार/2023/977 जबलपुर, दिनांक 5/9/2023

संक्षिप्त निविदा सूचना

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के 35वॉ दीक्षान्त समारोह के लिए गणवेश (तैयार वस्त्र) आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा स्पीड पोस्ट द्वारा अमानत राशि रू0 5000 (रूपये पांच हजार) के साथ कुलसचिव, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर को प्रेषित की जावें। निविदा प्रपत्र की राशि रूपये 500 (रूपये पांच सौ) विश्वविद्यालय कोष में जमा कर निविदा भंडार विभाग से कार्यालयीन समय में दिनांक 12/9/2023 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं या निविदा विश्वविद्यालय की बेबसाईट www.rdunijbpin.org से डाउनलोड किये जा सकते हैं निविदाकर्ताओं को इस हेतु पृथक से 500 रू. का ड्राफ्ट जो कि कुलसचिव रा.दु.वि.वि. के नाम से निविदापत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। पूर्णतः भरे हुये सीलबंद निविदा लिफाफा दिनांक 14/9/2023 को अपरान्ह 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट द्वारा प्राप्त की जावेगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 15/9/2023 को प्रातः 11:30 बजे खोली जायेगी निविदाकर्ता या उसके प्रतिनिधि उपस्थिति हो सकते हैं।

बिना किसी कारण बताये/पूर्व सूचना के निविदा/निविदा सूचना को पूर्णतः/आंशिक रूप से स्वीकृत अथवा/अमान्य/रदद करने का अधिकार विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

निविदाकर्ता द्वारा पालन की जाने वाली आवश्यक शर्तें तथा उससे संबंधित अन्य सूचनायें

1. लिफाफे के उपर गणवेश (तैयार वस्त्र) हेतु निविदा स्पष्ट लिखा होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ अमानत राशि 5,000 रू0 (पांच हजार रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट, मियादी जमा रसीद, बैंकर्स चैक संलग्न करना अनिवार्य है। बैंक ड्राप्ट कुलसचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के नाम देय होगा।
3. निविदाकर्ता को फर्म/संस्थान का पंजीयन, GST नंबर एवं पेन नम्बर देना अनिवार्य है।
4. निविदाप्रपत्र विश्वविद्यालय कोष में नगद 500 रू0 (पांच सौ रूपये) जमा कर कार्यालयीन समय में भंडार विभाग से दिनांक 12/9/2023 को 5:30 तक प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.rdunijbp.in.org. से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदाप्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड करने पर 500 रूपये का अतिरिक्त बैंक ड्राप्ट, जो कि कुलसचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के नाम होगा संलग्न करना अनिवार्य हैं।

5 निविदा इस पद्धिति में रखना होगा **लिफाफा–A** में EMD एवं निविदा फर्म की राशि की डी. डी/रसीद रहेगा। **लिफाफा–B** में अहर्ता संबंधी आवश्यक दस्तावेज। **लिफाफा–C** में फाईनेंशियल बिड। ये सभी लिफाफे किसी अन्य बडे लिफाफे में अच्छी तरह सीलबंद सहित पैक करनी होगी।

5 पूर्णतः भरे हुये निविदायें स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 14/9/2023 को अपरान्ह 5:30 बजे तक प्राप्त की जावेंगी।

6. निविदा के साथ कपडे का सेंम्पल संलग्न करना अनिवार्य हैं।

7 क्रय आदेश की आपूर्ति आदेशित समय सीमा मे करना होगा ।

8. प्राप्त निविदायें दिनांक 15/9/2023 को अपरान्ह. 11:30 बजे खोली जावेगी। निविदाकर्ता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि समय पर उपस्थित हो सकते हैं।
9. दर के साथ कोई भी कर न जोडा जाए। कर का पृथक से स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा।
10. एक कार्य के लिये एक ही दर मान्य की जावेगी।
11. वित्तीय दरों पर ओव्हर राईटिंग या काट–छांट होने पर निविदा अमान्य कर दी जावेगी।
12. सभी निविदा या किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा। किसी भी विवाद की स्थिति में माननीय कुलपति जी द्वारा लिये गये निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

दीक्षांत गणेवश हेतु आवश्यक अहर्ताऍं

क्र0	विवरण
1	आयकर विभाग से जारी पेन नम्बर का जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र (फोटो कॉपी संलग्न करें)
2	निविदाकर्ता को GST में पंजीयन की छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक हैं।
3	निविदाकर्ता को संबंधित कार्य व्यवसाय के अंतर्गत पंजीकृत होना आवश्यक है। पंजीयन की छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक हैं।
4	राशि रूपये 5000 की EMD
5	निविदा फार्म 500 की राशि बैंक ड्राफ्ट
6	निविदाकर्ता फर्म का विगत दो सालों का इनकम टेक्स रिटर्न की छाया प्रति।

(नोटः– लिफाफा 'बी' में दस्तावेज इसी क्रम में रखें)

निविदा प्रपत्र फार्म

प्रति,

कुलसचिव जी
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

विषयः– दीक्षान्त समारोह गणवेश (तैयार वस्त्र) कार्य की दर मान्य किये जाने बावत्।

महोदय,

35 वॉं दीक्षान्त समारोह के लिए गणवेश (तैयार वस्त्र) आपूर्ति हेतु संलग्न अमानत राशि के साथ निविदा दर प्रस्तुत है यथाः–

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित मात्रा	दर	जीएसटी	कुल राशि
1	बटुकों हेतू धोती, कुर्ता एवं गमछा स्टेंडर्ड साईज	13 सेट	प्रति सेट		
2	रेमण्ड कपडा तैयार कोटी (विभिन्न माप अनुसार तैयार करना होगा)	25 नग	प्रति कोटी		
3	सदस्यो हेतु खदी के कुर्ता पैजामा	25 नग			
4	महिला सदस्यो हेतु खादी साडी ब्लाउज कपडा सहित खादी	25 नग			
5	पगडी	30नग	प्रति पगडी		
6	उत्तरीय विभिन्न रंगो के	300 नग	प्रति नग		
7	शाल रेमण्ड	10नग	प्रति नग		

नोटः– 1. उक्त सामग्रीयों के सेम्पल कार्यालयीन समय पर भण्डार विभाग में देखे जा सकते है।
2. उक्त सभी सामग्रीयों के सेम्पल निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

उपरोक्त दर आपके विचारार्थ प्रस्तुत है। आपके द्वारा दी गई उपरोक्त शर्ते मुझे मान्य हैं।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
निविदाकर्ता संस्थान का नाम
पूरा पता
दूरभाष नंबर
संबंधित व्यक्ति का मोबाईल नं0